प्रेस को सूचना नोट (प्रेस विज्ञप्ति संख्या 72/ 2023)

तत्काल प्रकाशन के लिए

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

'विमान और ग्राउंड स्टेशनों के बीच डाटा संचार सेवायें, जो भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अलावा अन्य संगठनों द्वारा प्रदान की जाती हैं' पर ट्राई के पूरक परामर्श पत्र पर टिप्पणियाँ/ प्रति टिप्पणियाँ प्राप्त करने की अंतिम तिथि का विस्तार।

नई दिल्ली, 17 अगस्त 2023 - 'विमान और ग्राउंड स्टेशनों के बीच डाटा संचार सेवायें, जो भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अलावा अन्य संगठनों द्वारा प्रदान की जाती हैं' पर भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (भादूविप्रा) ने 3 अगस्त 2023 एक पूरक परामर्श पत्र जारी किया था। पूरक परामर्श पत्र में उठाए गए मुद्दों पर हितधारकों से लिखित टिप्पणियाँ प्राप्त करने की अंतिम तिथि 17.08.2023 और प्रति टिप्पणियाँ प्राप्त करने की अंतिम तिथि 24.08.2023 निर्धारित की गई थी।

2. टिप्पणियाँ प्रस्तुत करने के लिए समय बढ़ाने के लिए एक उद्योग संघ के अनुरोध को ध्यान में रखते हुए, उपरोक्त पूरक परामर्श पत्र पर लिखित टिप्पणियाँ और प्रति टिप्पणियाँ प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि क्रमशः 24.08.2023 और 31.08.2023 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

3. टिप्पणियां/प्रति-टिप्पणियां, अधिमानतः इलेक्ट्रॉनिक रूप में advmn@trai.gov.in पर भेजी जा सकती हैं। किसी भी स्पष्टीकरण/ जानकारी के लिए श्री अखिलेश कुमार त्रिवेदी, सलाहकार (नेटवर्क, स्पेक्ट्रम और लाइसेंसिंग), भादूविप्रा से टेलीफोन नंबर +91-11-23210481 पर संपर्क किया जा सकता है।

ह/-

(वी. रघुनंदन)

(सचिव, भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण)